प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

17.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

**खेल पुरस्कार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज वर्ष 2024 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में आज विश्व शतरंज चैम्पियन डी. गुकेश, पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले मनु भाकर, भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमन प्रीत सिंह और पेरिस पैरा ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार पिछले चार वर्ष की अवधि में खेल के क्षेत्र में शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को दिया जाता है। राष्ट्रपति इस श्रेणी के कुल 32 खिलाड़ियों को ये पुरस्कार प्रदान करेंगी।

**प्रवास**

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम, श्रम व रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे आज हिमाचल प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर चंबा पहुंच रही हैं। इस दौरान वह चंबा के बनीखेत स्थित **एन.एच. पी.सी** मीटिंग हॉल में उपायुक्त व अन्य अधिकारियों के साथ विकासात्मक गतिविधियों को लेकर एक विशेष बैठक करेंगी। इसके पश्चात केंद्रीय राज्य मंत्री का अमृतसर रवाना होने का कार्यक्रम है।

**मुख्यमंत्री प्रवास**

प्रतिकूल मौसम के चलते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बीते कल धर्मशाला के शीतकालीन प्रवास के लिए रवाना नहीं हो पाए। उनका शीतकालीन प्रवास अब आज से आरंभ होगा। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री आज धर्मशाला में नवनिर्मित जिला परिषद भवन व सभागार का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री धर्मशाला में महिला पुलिस थाने के भवन सहित क्षेत्रीय पर्वतारोहण केंद्र मैकलोडगंज के हॉस्टल भवन का भी उदघाटन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री का कई अन्य विकासात्मक कार्यों के शिलान्यास करने का भी कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री आज धर्मशाला मिनी सचिवालय में जन समस्याएं भी सुनेंगे। मुख्यमंत्री 25 जनवरी तक धर्मशाला प्रवास पर रहेंगे।

**महाकुंभ**

प्रयागराज महाकुंभ के लिए हिमाचल प्रदेश के ऊना से 6 विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं जिनमें पहली रेलगाड़ी आज रवाना होगी। महाकुंभ जाने के लिए ट्रेनों की आरक्षित वातानुकूलित और

स्लीपर श्रेणी के लिए एडवांस बुकिंग में वेटिंग चल रही है जबकि सामान्य श्रेणी के लिए मौके पर ही टिकट की बुकिंग होगी।

––विस्तृत जानकारी के साथ हमारे ऊना संवाददाता––

**मौसम**

पिछले दो दिनों में हुए हिमपात से प्रदेश की ऊंची पहाड़ियां एक बार फिर बर्फ से ढक गई हैं। इस दौरान शिमला, कुल्लू, मंडी, किन्नौर, लाहौल स्पीति, चंबा, सिरमौर और कांगड़ा की ऊंची चोटियों में हिमपात हुआ है। जबकि निचले इलाकों में बारिश का सिलसिला चलता रहा। इस दौरान सबसे अधिक बर्फबारी रोहतांग दर्रे पर 100 सेंटीमीटर दर्ज की गई। जबकि अटल टनल में 40 सेंटीमीटर, जलोड़ी दर्रा में 30 सेंटीमीटर और शिमला में 2 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई है। प्रदेश भर में ठंडक बढ़ी है और तापमान में 11 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। बर्फबारी वाले क्षेत्रों में सैकड़ों सड़कें यातायात के लिए अभी बंद हैं। जबकि संपर्क सड़कों पर फिसलन के चलते यातायात प्रभावित हो रहा है। प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सड़क बहाली के कार्य जारी हैं। आज प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ है और दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। मौसम विभाग के अनुसार 21 जनवरी तक प्रदेश में मौसम साफ बने रहने की संभावना है।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

**आठवें वेतन आयोग को मंजूरी** शीर्षक से **दिव्य हिमाचल** ने लिखा है केंद्रीय कर्मचारियों को मोदी सरकार का तोहफा। **दैनिक भास्कर** की सुर्खी है **आठवां वेतन आयोग घोषित–1 जनवरी 26 से केंद्र में लागू होगा नया वेतनमान।** **हिमाचल दस्तक** के शब्द हैं **केंद्र सरकार की 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी।**

**हाईकोर्ट ने बैच वाइज भर्ती के लिए बीएड डिग्री की तारीख से बैच की गणना के नियम को सही ठहराया** **दैनिक भास्कर** की एक खबर है।